**SET-2**

**Series SGN**

कोड नं.
Code No. **58/2**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **24** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **8** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **24** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# अर्थशास्त्र

# ECONOMICS

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks : 80*

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* *दोनों खण्डों के **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उसके सामने दिए गए हैं ।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या **1 – 4** तथा **13 – 16** अति लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक का **1** अंक है । इनका प्रत्येक का उत्तर **एक वाक्य** में ही अपेक्षित है ।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या **5 – 6** और **17 – 18** लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के **3** अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः **60** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(v)* *प्रश्न संख्या **7 – 9** और **19 – 21** भी लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के **4** अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः **70** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या **10 – 12** और **22 – 24** दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के **6** अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः **100** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(vii)* *उत्तर संक्षिप्त तथा तथ्यात्मक होने चाहिए तथा यथासंभव ऊपर दी गई शब्द सीमा के अंतर्गत ही दिए जाने चाहिए ।*

***General Instructions :***

*(i)* ***All** questions in both the sections are compulsory.*

*(ii)* *Marks for questions are indicated against each question.*

*(iii)* *Question Nos. **1 – 4** and **13 – 16** are very short-answer questions carrying **1** mark each. They are required to be answered in **one sentence** each.*

*(iv)* *Question Nos. **5 – 6** and **17 – 18** are short-answer questions carrying **3** marks each. Answers to them should normally not exceed **60** words each.*

*(v)* *Question Nos. **7 – 9** and **19 – 21** are also short-answer questions carrying **4** marks each. Answers to them should normally not exceed **70** words each.*

*(vi)* *Question Nos. **10 – 12** and **22 – 24** are long-answer questions carrying **6** marks each. Answers to them should normally not exceed **100** words each.*

*(vii)* *Answers should be brief and to the point and the above word limits should be adhered to as far as possible.*

## खण्ड अ

## SECTION A

**1.** निम्नलिखित में से कीमत लोच का कौन-सा माप लोचशील पूर्ति दर्शाता है ?
(सही विकल्प चुनिए) *1*

(अ) 0

(ब) 0·5

(स) 1·0

(द) 1·5

Which of the following measures of price elasticity shows elastic supply ?
(Choose the correct alternative)

(a) 0

(b) 0·5

(c) 1·0

(d) 1·5

**2.** अवसर लागत की परिभाषा दीजिए । *1*
Define opportunity cost.

**3.** उत्पादन के किस स्तर पर कुल लागत और कुल स्थिर लागत एक समान होते हैं ? *1*
At what level of production is total cost equal to total fixed cost ?

**4.** निम्नलिखित में कौन-सा एक वस्तु के पूर्ति वक्र में खिसकाव का कारण ***नहीं*** है ?
(सही विकल्प चुनिए) *1*

(अ) आगत की क़ीमत

(ब) वस्तु की क़ीमत

(स) वस्तु एवं सेवा कर

(द) आर्थिक सहायता

Which of the following does ***not*** cause shift of supply curve of a good ?
(Choose the correct alternative)

(a) Price of input

(b) Price of the good

(c) Goods and services tax

(d) Subsidy

**5.** एक उपभोक्ता ₹ 20 प्रति इकाई की क़ीमत पर एक वस्तु की 200 इकाइयाँ खरीदता है । माँग की कीमत लोच (–) 2 है । किस कीमत पर वह 300 इकाई खरीदने को तैयार होगा ? परिकलन कीजिए । *3*

A consumer buys 200 units of a good at a price of ₹ 20 per unit. Price elasticity of demand is (–) 2. At what price will he be willing to purchase 300 units ? Calculate.

**6.** 'क्या उत्पादन किया जाए और कितनी मात्रा में' के रूप में केन्द्रीय समस्या समझाइए । *3*

**अथवा**

किन परिस्थितियों में उत्पादन संभावना वक्र मूल-बिंदु से दूर खिसक सकता है ? समझाइए । *3*

Explain the central problem of "What is produced and in what quantities".

**OR**

In what circumstances may the production possibility frontier shift away from the origin ? Explain.

**7.** पूर्ण प्रतियोगिता में "फर्मों के निर्बाध प्रवेश और छोड़ने की स्वतंत्रता" के प्रभाव समझाइए । *4*

Explain the implications of "freedom of entry and exit of firms" under perfect competition.

**8.** यदि एक उपभोक्ता की आय ₹ 100 है, तथा वह दो वस्तुएँ X तथा Y क्रय करता है जिनकी क़ीमत क्रमश: ₹ 10 तथा ₹ 5 है, तो उस उपभोक्ता की बजट रेखा का समीकरण लिखिए । *4*

**अथवा**

प्रतिस्थापन की सीमांत दर की परिभाषा दीजिए । एक अनधिमान वक्र पर इसका व्यवहार समझाइए । *4*

Write a budget line equation of a consumer if the two goods purchased by the consumer, Good X and Good Y are priced at ₹ 10 and ₹ 5 respectively and the consumer's income is ₹ 100.

**OR**

Define marginal rate of substitution. Explain its behaviour along an indifference curve.

**9.** पूर्ण प्रतियोगिता में उत्पादक संतुलन की शर्तें समझाइए । *4*

Explain the conditions of producer's equilibrium under perfect competition.

**10.** औसत परिवर्ती लागत वक्र, औसत कुल लागत वक्र और सीमांत लागत वक्र एक ही रेखाचित्र में बनाइए । सीमांत लागत वक्र और औसत परिवर्ती लागत व औसत कुल लागत वक्रों के बीच संबंध बताइए । *6*

Draw Average Variable Cost (AVC), Average Total Cost (ATC) and Marginal Cost (MC) curves in a single diagram. State the relation between MC curve and AVC & ATC curves.

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 10 के स्थान पर है ।*

**Note :** *The following question is for the **Blind Candidates** only in lieu of Q. No. 10.*

औसत परिवर्ती लागत, औसत कुल लागत और सीमांत लागत दिखाते हुए एक तालिका तैयार कीजिए । तालिका के आधार पर सीमांत लागत और औसत परिवर्ती लागत व औसत कुल लागत के बीच संबंध समझाइए । *6*

Prepare a schedule showing AVC, ATC and MC. State the relation between MC and AVC & ATC on the basis of the schedule.

**11.** न्यूनतम क़ीमत सीमा निर्धारण का अर्थ समझाइए । न्यूनतम क़ीमत सीमा निर्धारण के प्रभाव समझाइए । *6*

**अथवा**

एक वस्तु का बाज़ार संतुलन में है । वस्तु की माँग में 'कमी' आती है । इस परिवर्तन के शृंखलाबद्ध प्रभाव समझाइए । *6*

Define price floor. Explain the implications of price floor.

**OR**

Market of a good is in equilibrium. Demand for the good 'decreases'. Explain the chain of effects of this change.

**12.** एक उपभोक्ता केवल दो वस्तुओं X और Y का उपभोग करता है । उपयोगिता विश्लेषण द्वारा उपभोक्ता संतुलन की शर्तें समझाइए । *6*

A consumer consumes only two goods X and Y. Explain the conditions of consumer's equilibrium using Utility Analysis.

## खण्ड ब
## SECTION B

**13.** समग्र आपूर्ति की परिभाषा दीजिए । *1*

Define aggregate supply.

**14.** मुद्रा की पूर्ति के $M_1$ माप के दो घटकों के नाम बताइए । *1*

State the two components of $M_1$ measure of Money Supply.

**15.** वाणिज्यिक बैंकों द्वारा साख सृजन इससे निर्धारित होता है :
(सही विकल्प चुनिए) *1*

(अ) आरक्षित नकदी निधि अनुपात (CRR)

(ब) सांविधिक चलनिधि (तरलता) अनुपात (SLR)

(स) प्रारम्भिक जमाएँ

(द) उपर्युक्त सभी

Credit creation by commercial banks is determined by
(Choose the correct alternative)

(a) Cash Reserve Ratio (CRR)

(b) Statutory Liquidity Ratio (SLR)

(c) Initial Deposits

(d) All the above

**16.** ऋणात्मक बाह्य कारणों (बाह्यताओं) का एक उदाहरण दीजिए । *1*

Give one example of negative externalities.

**17.** निवेश गुणक की परिभाषा दीजिए । निवेश गुणक तथा सीमांत उपभोग प्रवृत्ति के बीच संबंध समझाइए । *3*

Define investment multiplier. How is it related to marginal propensity to consume ?

**18.** उचित उदाहरणों सहित, स्टॉक तथा प्रवाह परिवर्तों के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए । *3*

**अथवा**

पूँजीगत वस्तुओं से क्या अभिप्राय है ? उपभोग वस्तुओं से ये किस प्रकार भिन्न हैं ? *3*

Distinguish between stock and flow variables with suitable examples.

**OR**

What are capital goods ? How are they different from consumption goods ?

**19.** प्रत्याशित उपभोग से क्या अभिप्राय है ? स्वायत्त उपभोग और प्रेरित उपभोग के बीच अंतर बताइए । *4*

What is ex-Ante consumption ? Distinguish between autonomous consumption and induced consumption.

**20.** मौद्रिक नीति से क्या अभिप्राय है ? मौद्रिक नीति के कोई तीन साधन बताइए । *4*

What is monetary policy ? State any three instruments of monetary policy.

**21.** किसी अर्थव्यवस्था में पूर्ण रोज़गार की परिभाषा दीजिए । पूर्ण रोज़गार आय स्तर पर समग्र माँग के समग्र पूर्ति से अधिक होने की स्थिति की चर्चा कीजिए । *4*

**अथवा**

आय के संतुलन स्तर का निर्धारण करने वाले दो वैकल्पिक तरीके क्या हैं ? इनका आपस में क्या संबंध है ? *4*

Define full employment in an economy. Discuss the situation when aggregate demand is more than aggregate supply at full employment income level.

**OR**

What are two alternative ways of determining equilibrium level of income ? How are these related ?

**22.** निम्नलिखित का अर्थ का संक्षेप में विवेचन कीजिए : *6*

(i) नियत विनिमय दर

(ii) लचीली (नम्य) विनिमय दर

(iii) प्रबंधित तिरती विनिमय दर

Discuss briefly the meanings of :

(i) Fixed Exchange Rate

(ii) Flexible Exchange Rate

(iii) Managed Floating Exchange Rate

**23.** सरकारी बजट से क्या अभिप्राय है ? इसके प्रमुख घटक समझाइए । *6*

**अथवा**

सरकारी बजट के (क) साधनों का आबंटन और (ख) आर्थिक स्थिरता उद्देश्य समझाइए । *6*

What is government budget ? Explain its major components.

**OR**

Explain (a) allocation of resources and (b) economic stability as objectives of government budget.

**24.** (अ) प्रचालन अधिशेष, और (ब) घरेलू आय का परिकलन कीजिए : *6*

| | | *(₹ करोड़ों में)* |
|---|---|---|
| (i) | कर्मचारियों का पारिश्रमिक | 2,000 |
| (ii) | किराया और ब्याज | 800 |
| (iii) | अप्रत्यक्ष कर | 120 |
| (iv) | निगम कर | 460 |
| (v) | अचल पूँजी का उपभोग | 100 |
| (vi) | आर्थिक सहायता | 20 |
| (vii) | लाभांश | 940 |
| (viii) | अवितरित लाभ | 300 |
| (ix) | विदेशों को निवल कारक आय | 150 |
| (x) | मिश्रित आय | 200 |

Calculate (a) Operating Surplus, and (b) Domestic Income :

| | | *(₹ in crores)* |
|---|---|---|
| (i) | Compensation of employees | 2,000 |
| (ii) | Rent and interest | 800 |
| (iii) | Indirect taxes | 120 |
| (iv) | Corporation tax | 460 |
| (v) | Consumption of fixed capital | 100 |
| (vi) | Subsidies | 20 |
| (vii) | Dividend | 940 |
| (viii) | Undistributed profits | 300 |
| (ix) | Net factor income to abroad | 150 |
| (x) | Mixed income | 200 |